तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री से.
न्यूनतम 23.5 डिग्री से.

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, रविवार 12 जुलाई 2026

**शहर में आज**

- निरंकारी महिला संत समागम स्थानीय डेरा श्री बाबा लक्ष्मण पुरी महाराज, गौ कर्ण तीर्थ में प्रातः 9:30 बजे से
- पाड़ा मोहल्ला स्थित गर्वमेंट संस्कृति मॉडल स्कूल में स्वास्थ्य जांच शिविर सुबह दस बजे से

## निगल गई जेएलएन : गांव बोहर के पास दर्दनाक हादसा

# छोटे को बचाने कूदा बड़ा भाई, दोनों डूबे

**दोनों भाई नहर पर नहाने गए थे और सीढ़ियों पर बैठकर पानी में खेलने लगे**

**कई घंटे तक सर्च ऑपरेशन के बाद भी दोनों भाइयों का कोई पता नहीं चल सका**

**12 साल का कुलदीप और 9 साल प्रदीप लापता, बिहार का रहने वाला है परिवार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव बोहर के पास जेएलएन नहर में शनिवार दोपहर दो सगे भाइयों के डूबने से सनसनी फैल गई। दोनों बच्चे बिहार के रहने वाले हैं और अपने परिवार के साथ गांव बोहर में किराये के मकान में रहते थे। हादसे की सूचना मिलते ही आईएमटी थाना पुलिस, एसडीआरएफ की टीम और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। नहर में कई घंटे तक सर्च ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक दोनों बच्चों का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस के अनुसार, डूबने वाले बच्चों की पहचान 12 वर्षीय कुलदीप और 9 वर्षीय प्रदीप, पुत्र दलीप सिंह, निवासी बिहार के रूप में हुई है। परिवार रोजगार की तलाश में रोहतक आया हुआ है और गांव बोहर में किराये के कमरे में रह रहा है।

### संतुलन बिगड़ने से पैर फिसला और डूब गए

प्रत्यक्षदर्शियों और परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार दोपहर दोनों भाई जेएलएन नहर पर नहाने के लिए पहुंचे थे। वे नहर की सीढ़ियों पर बैठकर पानी में खेल रहे थे। इसी दौरान अचानक छोटे भाई प्रदीप का संतुलन बिगड़ गया और उसका पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया। उसे डूबता देख बड़े भाई कुलदीप ने बिना अपनी जान की परवाह किए तुरंत नहर में छलांग लगा दी। पानी का बहाव इतना तेज था कि वह भी खुद को संभाल नहीं सका और दोनों भाई पानी में बह गए।





रोहतक। मां के साथ दोनों भाई (फाइल फोटो) कई दिनों बाद जेएलएन नहर में आया पानी। फोटो : हरिभूमि

### तेज बहाव के कारण सफलता नहीं मिली

हादसे की सूचना आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को दी। कुछ ग्रामीणों ने अपने स्तर पर भी बच्चों की तलाश का प्रयास किया, लेकिन तेज बहाव के कारण कोई सफलता नहीं मिली। सूचना मिलते ही आईएमटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ को बुलाकर राहत एवं बचाव अभियान शुरू कराया। लेकिन सफलता नहीं मिली।

### बेरी हेड तक बच्चों की तलाश की गई

एसडीआरएफ की टीम ने गोताखोरों की मदद से नहर में व्यापक तलाशी अभियान चलाया। टीम ने कई किलोमीटर तक नहर के अलग-अलग हिस्सों में खोजबीन की। बचाव दल बेरी हेड तक बच्चों की तलाश करता रहा, लेकिन देर शाम तक दोनों का कोई सुराग नहीं मिल पाया। अधिकारियों का कहना है कि पानी का तेज बहाव सर्च ऑपरेशन में सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है।

### दो दिन पहले ही छोड़ा गया था नहर में पानी

स्थानीय लोगों ने बताया कि जेएलएन नहर में करीब दो दिन पहले ही पानी छोड़ा गया था। लंबे समय बाद नहर में पानी आने पर आसपास के बच्चे वहां नहाने पहुंच रहे थे। हालांकि नहर में बहाव काफी तेज था, जिससे हादसे की आशंका पहले से बनी हुई थी। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम और तेज बहाव के दौरान बच्चों को नहर के पास जाने से रोकने के लिए प्रशासन को भी जागरूकता अभियान चलाना चाहिए।

### एसडीआरएफ की मदद से चलाया सर्च ऑपरेशन

आईएमटी थाना पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि दो बच्चों के नहर में डूबने की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। एसडीआरएफ की मदद से लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। नहर के विभिन्न हिस्सों में निगरानी रखी जा रही है और बच्चों की तलाश के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। जैसे ही कोई सुराग मिलेगा, परिजनों को तुरंत सूचना दी जाएगी। इस हादसे के बाद गांव बोहर और आसपास के क्षेत्र में शोक का माहौल है।

## इंद्रा नगर में शराब फैक्ट्री को लेकर बड़ा खुलासा

# नाइट डोमिनेशन में संदिग्ध से पूछताछ की तो बड़े नेटवर्क से हुआ पर्दाफॉश

## एक कर्मचारी का पीछा करते हुए मारा छापा

- सरगना की तलाश जारी, किराये पर लिया हुआ है मकान, सीसीटीवी से रखता था नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

इंद्रा नगर में चल रही अवैध शराब फैक्ट्री मामले में अहम खुलासा हुआ है। रात के सन्नाटे में चल रहे पुलिस के नाइट डोमिनेशन अभियान के दौरान हुई एक पूछताछ ने ऐसा सुराग दिया, जिसने अवैध शराब के बड़े नेटवर्क की परतें उधेड़ दीं। एक कर्मचारी के जवाब ने पुलिस का शक बढ़ाया, पीछा करते-करते टीम शराब फैक्ट्री तक पहुंची और पुलिस को अवैध शराब फैक्ट्री का पर्दाफाश करने में कामयाबी मिली। शराब सरगना फरार है, जिसकी तलाश चल रही है। नाइट डोमिनेशन अभियान के दौरान पुलिस ने संदिग्ध रूप से आते हुए एक व्यक्ति से पूछताछ की। पूछताछ में उसने बताया कि वह एक शराब फैक्ट्री में काम करता है। उसके जवाब और गतिविधियों पर पुलिस को संदेह हुआ, क्योंकि आसपास कोई शराब फैक्ट्री नहीं है। जिसके बाद एसएचओ शिवाजी कॉलोनी राकेश सैनी की टीम ने उसकी निशानदेही और तकनीकी इनपुट के आधार पर संबंधित स्थान तक पहुंचकर जांच शुरू की।



### केमिकल बनाने का किया जाता था काम

जांच में सामने आया कि जिस जगह पर अवैध शराब तैयार की जा रही थी, वहां पहले पानी की पैकिंग और केमिकल बनाने का काम किया जाता था। बाद में उसी परिसर का इस्तेमाल अवैध शराब निर्माण के लिए किया जाने लगा। पुलिस को मौके से कई ऐसे संकेत और सामग्री मिली हैं, जिनके आधार पर पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ी जा रही हैं।

### सीसीटीवी कैमरों का करता था इस्तेमाल

प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि शराब कारोबार का मुख्य सरगना किराये के मकान में रहकर पूरे नेटवर्क का संचालन कर रहा था। वह परिसर और आसपास की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों का इस्तेमाल करता था, ताकि बाहरी व्यक्ति की हलचल की जानकारी उसे तुरंत मिल सके। पुलिस को आशंका है कि इसी निगरानी व्यवस्था की मदद से सरगना कार्रवाई की भनक लगते ही फरार हो गया।

### यूरिया भी मिला रहे थे शराब में

फैक्ट्री में 13 कमरों में नकली शराब तैयार करने और उसे नामी ब्रांडों की तरह पैक कर बाजार में खपाने का पूरा नेटवर्क संचालित हो रहा था। एएसपी आयुष यादव के मार्गदर्शन में शिवाजी कॉलोनी थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश की टीम ने आबकारी विभाग को साथ लेकर छापेमारी की थी। मौके से 2725 पव्वे शराब, तीन बड़ी प्लास्टिक टंकियां, एक आरओ सिस्टम, 200 लीटर केमिकल, 27,600 होलमार्क, 1,22,400 क्यूआर कोड, 4000 ढक्कन, 1800 शराब पैक करने के गत्ते, 9900 खाली पव्वे, खाली ड्रम, रैपर तथा अन्य उपकरण बरामद किए। बरामद सामान से खुलासा हुआ कि यहां बड़े स्तर पर नकली शराब तैयार कर उसे असली ब्रांड का रूप देकर बाजार में बेचा जा रहा था। लाखों की संख्या में बरामद क्यूआर कोड और होलमार्क इस बात की ओर इशारा करते हैं कि नकली शराब को बिल्कुल असली दिखाने की तैयारी की जाती थी।

## गांव चमारिया में पुरानी रंजिश में वारदात

# रास्ता रोककर लाठी-डंडों से हमला, तीन लोग घायल

- बाहर खड़ी स्कूटी भी तोड़ी संपत्ति को पहुंचाया नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सदर थाना क्षेत्र के गांव चमारिया में पुरानी रंजिश के चलते एक परिवार पर लाठी-डंडों से हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित रामभज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पहले दोपहर में बाला और भारती ने उसके साथ गाली-गलौज की, जिसे ग्रामीणों ने शांत करा दिया। शाम को प्लॉट जाते समय मनजीत, वजीर, बाला और भारती ने उसका रास्ता रोककर लाठी-डंडों से मारपीट की। किसी तरह वह घर पहुंचा, लेकिन आरोप है कि कुछ देर बाद चारों आरोपी घर पहुंच गए और दोबारा हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आई पत्नी मूर्ति और बेटे बसंत के साथ भी मारपीट की गई। आरोपियों ने घर के बाहर खड़ी स्कूटी में भी तोड़फोड़ की। सदर थाना पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## पिस्टल से फायर न होने पर बट से हमला

# चुनावी रंजिश में गन पॉइंट पर युवक के साथ मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

ब्लॉक सांपला में चुनावी रंजिश को लेकर एक युवक के साथ कथित तौर पर गन पॉइंट पर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घायल युवक विकास को उपचार के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित ने सांपला थाना पुलिस को शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। पीड़ित विकास के अनुसार, वह दोपहर के समय बेरी रोड स्थित एक दुकान पर अपने दोस्तों द्वारा खरीदे गए सामान के पैसे देने पहुंचा था। इसी दौरान सांपला निवासी सुनील उर्फ भोपा अपने एक साथी के साथ थार गाड़ी में वहां आया और पिस्टल तान दी गई और धमकी दी गई कि यदि उसने शोर मचाया तो गोली मार दी जाएगी। विकास का आरोप है कि आरोपी ने पिस्टल को फायर करने की कोशिश की, लेकिन हथियार जाम हो गया। विकास का कहना है कि उसकी आरोपी से कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं थी। उसके अनुसार, स्थानीय चुनाव के दौरान उसने भाजपा के अधिकृत उम्मीदवार संजय का समर्थन किया था।

### बीए और बीएड के कुछ पेपरों की परीक्षा तिथि में बदलाव

- पेपर का समय और परीक्षा केंद्र पहले की तरह ही रहेंगे

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने बीए और बीएड (सीडीओई सेमेस्टर स्कीम) के कुछ पेपरों की कुछ परीक्षाओं की तिथियों में संशोधन किया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो राहुल ऋषि ने बताया कि संशोधित कार्यक्रम के तहत बीएड स्पेशल एजुकेशन द्वितीय वर्ष (रेगुलर एवं री-अपीयर) के टेक्नोलॉजी एंड डिसएबिलिटी विषय की परीक्षा, जो पहले 14 जुलाई को होनी थी, अब 21 जुलाई को दोपहर 2 से 5 बजे तक होगी। वहीं सीडीओई के बीए छठे सेमेस्टर के हिस्ट्री ऑफ ट्वेंटीएथ सेंचुरी वर्ल्ड और इंटरनेशनल इकोनॉमिक्स विषयों की परीक्षा 15 जुलाई के स्थान पर अब 27 जुलाई को आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा का समय और परीक्षा केंद्र पहले की तरह ही रहेंगे। विद्यार्थियों को नए समय सारणी के अनुसार परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने के लिए के भी निर्देश दिए गए हैं, ताकि कोई दिक्कत न हो।

GANGA INSTITUTE OF TECHNOLOGY AND MANAGEMENT
AN AUTONOMOUS INSTITUTE
GRADED 'A' BY NAAC | NBA ACCREDITED PROGRAMS
Approved by AICTE | Affiliated to MDU, Rohtak | Recognized u/s 2(f) of UGC Act, 1956
JHAJJAR (DELHI-NCR)
NAAC A GRADE
NBA B.TECH ME, ECE and MBA
RANKED #16 in North India | RANKED #38 Pvt. Institutes in India | RANKED #39 Across India | RANKED #46 Placement Across India
Times Engineering Institute Ranking Survey-2026
Industry Oriented Curriculum
Degree Conferred by MDU, Rohtak
ADMISSIONS OPEN 2026-27
B.TECH / B.TECH (LEET): Fire Technology and Safety, CSE, CSE (AI & ML), CSE (DS), ECE, Electrical, Civil, Mechanical
OTHER UG & PG COURSES: M.TECH | MBA | BBA | MCA | BCA | M.ARCH | B.ARCH | M.PLAN | M.ED | B.ED
COURSES FOR WORKING PROFESSIONALS (in Flexible Timings): B.TECH Fire Tech. & Safety / CSE/ Electrical/Civil; M.TECH CSE / Structural Design; MBA | MCA
Ganga Centre for Skill and Entrepreneurship Development (An Industry inside the Institute)
Technology Providers: Dassault Systemes, ptc, Mastercam, Ansys — Rs. 40 Crores
SCHOLARSHIP TEST
GITAM SCHOLARSHIP -CUM- ADMISSION TEST
19th July, 2026 | 11:00 am Onwards
FREE REGISTRATION FOR TEST
GANGA GROUP OF INSTITUTIONS
Approved by AICTE/UGC/NCTE/COA/MDU
GANGA INSTITUTE OF ARCHITECTURE & TOWN PLANNING (GIATP) 9654292905 / 9015115120 | www.architectureganga.com
GANGA INSTITUTE OF EDUCATION (GIE) 8684000916 | www.gangainstituteofeducation.com
For Admission Enquiry: 8684000891 / 892 / 893 / 9654292946 | www.gangainstitute.com
Head Office: 4/12, East Punjabi Bagh, New Delhi | +91-9654292902, 03, 04

हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक एवं जनता TV
हरियाणवी म्यूज़िक अवार्ड 2026
हरियाणवी संगीत का गौरव — हरियाणवी संस्कृति, हमारी पहचान
1 अगस्त 2026 शनिवार
जीवीएम गर्ल्स कॉलेज, मुरथल रोड, सोनीपत (हरियाणा)
नॉमिनेशन का आज अंतिम दिन
Category
- Haryanvi Rapper of the Year (Male & Female)
- Haryanvi Ragni Singer of the Year (Ghada-Bhenjo) (Male & Female)
- Haryanvi Ragni Singer of the Year (Pakka Saaz) (Male & Female)
- Haryanvi Desi Pop Singer of the Year (Male & Female)
- Haryanvi Devotional Singer of the Year (Male & Female)
- Haryanvi Lyricist of the Year
- Haryanvi Music Composer of the Year
- Haryanvi Master/Mixer of the Year
- Haryanvi Most Melodious Song of the Year
Only for songs released from 1 January 2025 to 31 December 2025
नॉमिनेशन के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करें
or visit our website at : www.haribhoomi.com
Last Date : 12 July 2026
नॉमिनेशन के लिए पात्रता
- केवल हरियाणवी बोली में जारी किए गए गीत ही नामांकन हेतु मान्य होंगे।
- गीत/संगीत कृति का आधिकारिक रिलीज वर्ष 2025 (1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2025) के बीच होना अनिवार्य है।
- नामांकन संबंधित श्रेणियों के अनुसार गायक/गायिका, रैपर, गीतकार, संगीतकार, म्यूजिक मिक्सर एवं अन्य पात्र कलाकारों द्वारा किया जा सकता है।
- अगर आप एक से ज्यादा कैटेगरी के लिए खुद को नॉमिनेट करना चाहते हैं, तो आपको हर कैटेगरी के लिए अलग-अलग नॉमिनेशन फॉर्म भरना होगा।
- नॉमिनेशन फॉर्म केवल नॉमिनी या उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा ही भरा जा सकता है।
- कृपया सभी जानकारी सही एवं पूर्ण रूप से भरें। आयोजन समिति आवश्यक होने पर सभी प्रविष्टियों एवं दस्तावेजों का सत्यापन करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। अपूर्ण अथवा गलत जानकारी वाले आवेदन निरस्त किए जा सकते हैं।
- सभी नॉमिनेशन का मूल्यांकन निर्णायक मंडल द्वारा किया जाएगा, जिसका निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।
- किसी भी कैटेगिरी में पांच से कम प्रतिभागी/नॉमिनी रहने पर उस कैटेगिरी को रद्द कर दिया जाएगा।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें 7404443155 advthbtv@gmail.com

प्रॉपर्टी टैक्स में 75% ब्याज माफी का लाभ उठाने की अपील

# बिना कारण एनडीसी आवेदन रिवर्ट करने पर होगी कार्रवाई

- निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी और मानकों का सख्ती से पालन करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र दुहन ने शनिवार को संपत्तिकर, प्रॉपर्टी आईडी एवं अदेय प्रमाण पत्र (एनडीसी) से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आमजन से प्राप्त आवेदनों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए और बिना किसी ठोस कारण के किसी भी आवेदन को वापस (रिवर्ट) न किया जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य की नियमित निगरानी की जाएगी और यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी बिना उचित कारण आवेदन वापस करता पाया गया तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा बैठक में आयुक्त ने कहा कि नगर निगम की प्राथमिकता आमजन को समयबद्ध और पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपत्तिकर बकाया भुगतान एवं अदेय प्रमाण पत्र (एनडीसी) पोर्टल पर प्राप्त सभी आवेदनों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण किया जाए। यदि किसी आवेदन में दस्तावेजों की कमी है तो उसे सीधे रिवर्ट करने के बजाय संबंधित आवेदक से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज प्राप्त किए जाएं और नियमानुसार उसके आवेदन का समाधान सुनिश्चित किया जाए। सभी मेकर और चेकर नागरिकों के साथ गरिमापूर्ण व्यवहार करें तथा प्रत्येक आवेदन पर गंभीरता और तत्परता से कार्रवाई करें। उन्होंने बैठक के दौरान लंबित एवं वापस किए गए आवेदनों की भी समीक्षा की और निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन के साथ संलग्न दस्तावेजों की पूरी जांच की जाए।



रोहतक। संपत्तिकर, प्रॉपर्टी आईडी एवं अदेय प्रमाण पत्र (एनडीसी) से जुड़े कार्यों की समीक्षा बैठक लेते नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र दुहन। फोटो: हरिभूमि

## वर्तमान के भुगतान पर 10 प्रतिशत की छूट

इसके अलावा वर्तमान वित्त वर्ष 2026-27 के संपत्तिकर का भुगतान 31 जुलाई, 2026 तक करने पर 10 प्रतिशत की विशेष छूट भी दी जा रही है। आयुक्त ने शहरवासियों से अपील की कि वे सरकार की इन दोनों विशेष रियायतों का समय रहते लाभ उठाते हुए अपना बकाया संपत्तिकर जमा करें, ताकि ब्याज में मिलने वाली छूट का अधिकतम फायदा प्राप्त किया जा सके और भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

**ये रहे मौजूद :** बैठक में संयुक्त आयुक्त मंजीत सिंह, उप निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह, लेखा अधिकारी विकास यशकीर्ति, सहायक सुरेंद्र गोयल, सहायक अभियंता मंदीप, अनुभाग अधिकारी जगबीर सिंह एवं दीपक तथा कर निरीक्षक अमन कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राहत देने के उद्देश्य से मिल रही छूट

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने संपत्तिधारकों को राहत देने के उद्देश्य से संपत्तिकर के बकाया पर 75 प्रतिशत ब्याज माफी की विशेष छूट प्रदान की है। यह सुविधा 31 अगस्त, 2026 तक उपलब्ध रहेगी। इस योजना का लाभ उन संपत्तिधारकों को मिलेगा, जो 'संपत्तिकर का बकाया भुगतान एवं बेबाकी प्रमाणपत्र प्रबंधन प्रणाली (एनडीसी) पोर्टल' पर अपनी संपत्ति की जानकारी स्वयं प्रमाणित (सेल्फ सर्टिफिकेशन) करेंगे तथा निर्धारण वर्ष 2026-27 तक का पूरा बकाया संपत्तिकर जमा करेंगे।

## विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, गुणवत्ता पर रहेगा पूरा फोकस: दुहन

**निगम आयुक्त सत्येंद्र ने विकास कार्य व निर्माण कार्यों की प्रगति का लिया जायजा**

नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र दुहन ने शनिवार को तकनीकी शाखा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक कर शहर में चल रहे विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। बैठक में उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा प्रत्येक परियोजना की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। आयुक्त सत्येंद्र दुहन ने कहा कि नगर निगम द्वारा कराए जा रहे सभी निर्माण कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप और तय समय सीमा के भीतर पूरे होने चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता या गुणवत्ता से समझौता किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। जहां भी किसी कार्य में कमी या खामी सामने आए, उसे तत्काल दूर किया जाए ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं समय पर मिल सकें।

### बेहतर सुविधाएं हों उपलब्ध

सत्येंद्र दुहन ने कहा कि नगर निगम का मुख्य उद्देश्य शहरवासियों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

---

मेरा शहर मेरी समस्या — टेक नगर (हरिभूमि पहल)

पीने, खाने और नहाने के बाहर से ला रहे पानी

# चार दिन से बूंद-बूंद को तरस रहे टेक नगर के लोग, महिलाओं का प्रदर्शन

**जल्द समाधान नहीं हुआ तो तेज होगा आंदोलन**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

वार्ड नंबर-16 स्थित शिवाजी कॉलोनी के समीप टेक नगर कॉलोनी में पिछले चार दिनों से पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप होने से लोगों का सब्र जवाब देने लगा है। लगातार पानी नहीं आने के कारण क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को कॉलोनी की महिलाओं और अन्य स्थानीय निवासियों ने खाली बर्तन लेकर गलियों में एकत्र होकर अपना विरोध दर्ज कराया और प्रशासन से तत्काल जलापूर्ति बहाल करने की मांग की। कॉलोनीवासियों का कहना है कि चार दिनों से नलों में एक बूंद पानी तक नहीं आया है। इसके चलते लोगों को पीने, खाना बनाने, नहाने और अन्य घरेलू कार्यों के लिए बाहर से पानी लाना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, महिलाओं और छोटे बच्चों वाले परिवारों को हो रही है। लोगों का आरोप है कि कई बार संबंधित अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। समाजसेवी जसबीर कुमार ने बताया कि पानी नहीं आने के कारण लोगों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो गई है। जो लोग सुबह काम पर चले जाते हैं, वे शाम को घर लौटते हैं तो उनके सामने खाली बर्तन रखे मिलते हैं। ऐसे में उन्हें मोटरसाइकिल और एक्टिवा पर दूर-दराज के क्षेत्रों से पानी भरकर लाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो लोगों का आक्रोश और बढ़ेगा। प्रदर्शन के दौरान क्षेत्र में काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। इनमें सुनीता, गीता, मुन्नी, विमला, सिमरन, अमन कौर, बसंती, कमल, नीलम, चांदनी, बबली, उषा सहित अन्य कॉलोनीवासी शामिल रहे।

### विभाग को दी कई बार शिकायत



कॉलोनी के लोग रोजाना पानी की तलाश में भटक रहे हैं। नौकरी और मजदूरी करने वाले लोग जब शाम को घर लौटते हैं तो घर में खाली बर्तन उनका इंतजार कर रहे होते हैं। संबंधित विभाग को कई बार शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। -मनोहर लाल

### गर्मी में बढ़ी परेशानी



गर्मी में पानी नहीं होने से महिलाओं की सबसे ज्यादा परेशानी बढ़ गई है। खाना बनाना, कपड़े धोना और बच्चों की देखभाल जैसे रोजमर्रा के सभी काम प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि जल्द पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हुई तो महिलाएं बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगी। -अनीता

### दूसरे इलाकों से ला रहे पानी



चार दिनों से पूरा मोहल्ला पानी की समस्या झेल रहा है। लोगों को दूसरे इलाकों से पानी लाना पड़ रहा है, जिससे बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक दिक्कत हो रही है। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि समस्या का स्थायी समाधान किया जाए ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने। -रतनी

### कॉलोनीवासियों से नहीं मिली कोई शिकायत

फिलहाल पानी के लिए किसी को भी परेशान नहीं होने दिया जा रहा है। टेक नगर की हमें कोई शिकायत नहीं मिली है। अगर वहां पानी की समस्या है तो सप्लाई को चेक करवाया जाएगा। लोगों को पानी के लिए परेशान नहीं होने दिया जाएगा। -भूदेव कुमार, कनिष्ठ अभियंता, जनस्वास्थ्य व अभियांत्रिकी विभाग

**मेरा शहर, मेरी समस्या कॉलम के जरिये आप भी रखें अपनी बात। अगर सेक्टर, गली-मोहल्ला, वार्ड, गांव और आसपास हैं समस्याओं से परेशान तो इस नंबर 9253681012 पर करें व्हाट्सएप। हम उठाएंगे आपका मुद्दा।**

---

## इनर व्हील क्लब रोहतक की बैठक में महिला सशक्तिकरण का दिया संदेश



**रोहतक।** इनर व्हील क्लब रोहतक, डिस्ट्रिक्ट-301 की जुलाई 2026 कार्यकाल की प्रथम कार्यकारिणी बैठक का आयोजन स्कॉलर्स रोजरी में किया गया। बैठक की शुरुआत क्लब की वरिष्ठ सदस्य स्वर्गीय मीना को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने कहा कि मीना क्लब की स्थापना काल से जुड़ी थीं और उनका योगदान सदैव प्रेरणादायी रहेगा। बैठक की अध्यक्षता नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय बल्हारा ने की। इस अवसर पर उन्होंने क्लब की सभी सदस्यों को इनर व्हील के लोगो से अंकित स्टील फ्लास्क भेंट किए। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो जरूरतमंद छात्राओं को साइकिलें भी प्रदान की गईं, जिसकी सभी सदस्यों ने सराहना की।

## एकादशी व्रत आत्मिक शुद्धि, संयम और भगवान की भक्ति के लिए विशेष : कपिलपुरी



**रोहतक।** एकादशी के पावन अवसर पर श्री राधा नाम संग कीर्तन मंडल द्वारा श्री बाबा लक्ष्मण पुरी डेरा पर भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना एवं भजन-कीर्तन के साथ हुआ। श्रद्धालुओं ने भगवान के भजनों का सामूहिक गायन कर भक्तिमय वातावरण का आनंद लिया। बाबा कपिल पुरी ने बताया कि कीर्तन मंडल के सदस्यों ने राधा-कृष्ण की महिमा का गुणगान करते हुए श्रद्धा, भक्ति और सेवा का संदेश दिया। आयोजन में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और धर्म लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर उपस्थित संत-महात्माओं एवं वक्ताओं ने एकादशी व्रत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिन आत्मिक शुद्धि, संयम और भगवान की भक्ति के लिए विशेष माना जाता है।

## नोनंद में गूंजी बेटियों के सम्मान की आवाज, रैली से दिया समानता का संदेश



**सांपला।** बेटियों के प्रति समाज की सोच में सकारात्मक बदलाव लाने और घटते लिंगानुपात पर जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शनिवार को ग्राम नोनंद में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस रैली में आशा वर्कर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कर्मियों तथा ग्रामीण महिलाओं ने उत्साह के साथ भागीदारी निभाई। रैली गांव के विभिन्न मार्गों से होकर निकली, जहां प्रतिभागियों ने लोगों को बेटियों के जन्म का स्वागत करने, उनकी शिक्षा को बढ़ावा देने और महिला सम्मान को सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाने का संदेश दिया। ग्रामीणों से लिंग भेदभाव जैसी कुप्रथाओं को छोड़कर बेटियों को आगे बढ़ाने में सहयोग करने की अपील भी की गई।

## राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण की हो सीबीआई जांच : मिश्रा

**रोहतक।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधायक दल की नेता अनुराधा मिश्रा ने राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण को करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा अत्यंत गंभीर विषय बताते हुए इसकी निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम पूरे देश की आस्था के केंद्र हैं और उनके नाम पर देशभर के श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए चढ़ावे एवं दान का प्रत्येक पैसा पूरी पारदर्शिता के साथ उपयोग होना चाहिए। उन्होंने मांग की कि पूरे मामले की जांच सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में कराई जाए, ताकि जांच की निष्पक्षता और विश्वसनीयता बनी रहे।



## रोहतक में युवा कांग्रेस का संविधान संवाद कार्यक्रम भाजपा सरकार की नीतियों पर साधा जमकर निशाना

**रोहतक।** हरियाणा युवा कांग्रेस की ओर से रोहतक में संविधान संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संविधान की रक्षा, लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर हरियाणा कांग्रेस कमेटी के ओबीसी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जयहिंद, हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष निशित कटारिया तथा हरियाणा कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्र प्रकाश मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनिल जयहिंद ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की कई नीतियां संविधान की मूल भावना के विपरीत हैं। उन्होंने कहा कि संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार और अवसर देने की बात करता है, लेकिन मौजूदा सरकार की कार्यशैली से सामाजिक न्याय और संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस संविधान की रक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी।

# महम नपा के पूर्व प्रधान फतेह सिंह के खिलाफ हिसार में चोरी का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

महम नगर पालिका की वर्तमान प्रधान भारती पंवार के ससुर व नगर पालिका महम के पूर्व प्रधान फतेह सिंह के खिलाफ हिसार के सदर थाने में चोरी का केस दर्ज किया गया है। हिसार सदर थाना प्रभारी को दी शिकायत में राजस्थान के बीबीपुर गांव निवासी महेंद्र सिंह और हिसार के गंगवा गांव निवासी रवि ने बताया कि उनके दो रोड रोलर हिसार एयर पोर्ट के सामने खड़े थे। महेंद्र के मुताबिक उसको ऑटो मार्केट में मिश्रा नाम का एक व्यक्ति मिला था। उसने अपना फोन नंबर दिया और कहने लगा कि तुम्हारे रोलर व मैं किराए पर चलवा दूंगा। उसने अपना फोन नंबर दिया और कहने लगा कि 9 जुलाई को वह एग्रीमेंट लिखवा देगा ओर आप भी अपने डाक्यूमेंट ले आना। सुबह उससे बातचीत हुई और उसको किराए पर रोड रोलर देने के लिए कॉल किया गया था। वे औपचारिकता पूरी करने के लिए रोड रोलर वाली जगह पर पहुंचे, तो वहां पर रोड रोलर नहीं मिले। उसके फिर से मिश्रा से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि रोड रोलर तो सेक्टर 28 में खड़े हैं। उधर फतेह सिंह कबाड़ी ने कहा है कि उसने रोड रोलर खरीदते समय लीगल प्रक्रिया अपनाई है। रोड रोलर बेचने वाले व्यक्ति से बाकायदा एफिडेविट लिया गया है। उनको क्या पता था कि वह रोड रोलर को चोरी करके लाया है।



महम। मौके पर आपस में बहस करते फतेह सिंह कबाड़ी व रोड रोलर के मालिक। फोटो: हरिभूमि

---

## न्यूज डायरी



### रोटरी क्लब रोहतक सिटी ने डॉ. बीआर आंबेडकर स्कूल की लैब को भेंट किए आधुनिक उपकरण

**रोहतक।** विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए रोटरी क्लब रोहतक सिटी द्वारा शनिवार को डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में साइंस लैब के लिए आधुनिक उपकरण भेंट किए गए। इस अवसर पर रोटरी क्लब के प्रधान विकास बिंदल, सुशील गुप्ता, प्रोजेक्ट चेयरमैन एडवोकेट राजेश शर्मा, संजय बंसल, अजय जैन, संदीप गुप्ता, लोकेश जैन, हरीश भूटानी, राजेश बंसल और अजय गुप्ता मौजूद रहे। क्लब पदाधिकारियों ने कहा कि इन उपकरणों से विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक शिक्षा हासिल करने में मदद मिलेगी। इस सराहनीय पहल पर अम्बेडकर शिक्षा समिति के प्रधान वीरेन्द्र सिंहमार, महासचिव एडवोकेट जगदीश चंद्र सिंगला, कोषाध्यक्ष राम कुमार कटारिया और उपप्रधान दमयंती नरवाल ने क्लब का आभार जताया। कार्यक्रम में राज सिंह भौरिया, अंजू भौरिया, एस.एस.माजरा, राजेंद्र सरोहा, रणधीर सिंह, शेर सिंह पूनिया सहित प्रधानाचार्य मोहर सिंह, हेड टीचर सीमा, पूनम, सीमा ग्रेवाल व समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।



### शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य है क्रियात्मक ज्ञान देकर सर्वांगिण विकास करना : दांगी

**महम।** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मदीना में शनिवार को सप्ताहिक अंतर-सदन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के साइंस क्लब, इको क्लब और एंपावर क्लब के विद्यार्थियों ने अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एंपावर क्लब के बच्चों ने आत्म रक्षा के गुर सीखे और दिखाया कि सहयोग और एकता की शक्ति से कठिन से कठिन कार्य भी संभव हो सकते हैं। साइंस क्लब के बच्चों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़े प्रयोगों सहित अनेक छोटे-बड़े वैज्ञानिक प्रयोग प्रस्तुत कर नवाचार की शक्ति को उजागर किया। इको क्लब के विद्यार्थियों ने प्रकृति से प्रेरणा लेकर घर में उपयोग होने वाले पर्यावरण-अनुकूल सामान का प्रदर्शन कर स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन का संदेश दिया। प्रधानाचार्य अशोक दांगी ने बच्चों की प्रतिभा देखकर गहरी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य पुस्तकीय ज्ञान रटाना नहीं बल्कि क्रियात्मक ज्ञान देना है और इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

### सतपाल बामल होंगे महम थाना प्रभारी नीरज को लगाया रोहतक सदर एसएचओ

**महम।** रोहतक जिला पुलिस ने कई पुलिस अधिकारियों के तबादले किए हैं। इसी कड़ी में कलानौर थाना प्रभारी सतपाल बामल को महम में थाना प्रभारी लगाया गया है। महम थाने के एसएचओ नीरज को रोहतक में सदर थाना एसएचओ लगाया गया है। महम शहर चौकी इंचार्ज अनिल कुमार को लाखन माजरा थाना प्रभारी लगाया गया है। लाखन माजरा थाना प्रभारी रविंद्र को कलानौर थाना प्रभारी लगाया गया है। बजे सिंह को महम शहर चौकी इंचार्ज की जिम्मेवारी सौंपी गई है।

### हरा-भरा हरियाणा बनाना नायब सरकार का सपना, जनभागीदारी से होगा साकार: फौगाट

**रोहतक।** मुख्यमंत्री के ओएसडी गजेंद्र फौगाट ने कहा कि हरा-भरा हरियाणा बनाना नायब सरकार का सपना है और जनभागीदारी के माध्यम से इस सपने को साकार किया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रत्येक नागरिक को अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ-साथ उनके संरक्षण का भी संकल्प लेना चाहिए।
गजेंद्र फौगाट शनिवार को गांव मायना में डॉ.बी.आर. आंबेडकर विज्ञान समिति द्वारा आयोजित पौधरोपण अभियान के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। गांव पहुंचने पर समिति के पदाधिकारियों, पंच नरेश, भाजपा मंडल अध्यक्ष सन्नी बब्बर तथा ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

---

**विशेष गहन पुनरीक्षण** — उपायुक्त की अपील, अंतिम समय का इंतजार न करें, बाद में उठानी पड़ेगी दिक्कत

# केवल तीन दिन शेष, समय पर जमा कराएं एसआईआर फार्म

- राजनीतिक दलों के बीएलए 1 व बीएलए 2 से अभियान में सहयोग देने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार हरियाणा में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान के अंतर्गत उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन गुप्ता ने जिला के सभी मतदाताओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे अंतिम समय का इंतजार किए बिना जल्द से जल्द अपने एन्यूमरेशन फार्म भरकर संबंधित बीएलओ के पास जमा करवाएं। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत निर्धारित समय-सीमा पूरी होने में अब केवल 3 दिन शेष हैं, इसलिए सभी मतदाता इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग करें। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला में एन्यूमरेशन फार्म के कलेक्शन एवं डिजिटाइजेशन का कार्य तेजी से किया जा रहा है। प्रशासन चाहता है कि अधिक से अधिक मतदाता अगले दो दिनों के भीतर अपने फार्म जमा कर दें, ताकि समय रहते उनका डिजिटाइजेशन भी पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि अंतिम दिन भी फार्म जमा किए जा सकते हैं, लेकिन समय पर फार्म जमा करने से प्रक्रिया अधिक सुचारू एवं व्यवस्थित तरीके से पूरी की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि यदि किसी मतदाता को एन्यूमरेशन फार्म भरने, दस्तावेजों से संबंधित जानकारी प्राप्त करने अथवा अन्य किसी प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ रहा है तो वे अपने संबंधित बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं।



रोहतक। मतदाताओं के फार्म भरवाते बीएलओ। फोटो: हरिभूमि

### कंट्रोल रूम के माध्यम से कराई जा रही सहायता उपलब्ध

जिला प्रशासन द्वारा स्थापित कंट्रोल रूम के माध्यम से भी नागरिकों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि किसी भी पात्र मतदाता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन गुप्ता ने जिला के सभी राजनीतिक दलों के बीएलए-1 एवं बीएलए-2 से भी अपील की है कि वे निर्वाचन आयोग के इस महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय सहयोग दें और जिन मतदाताओं के एन्यूमरेशन फॉर्म अभी तक जमा नहीं हो पाए हैं, उन्हें फार्म भरवाने एवं जमा करवाने में सहयोग करें। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि पात्र मतदाताओं को फार्म भरने में हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाए। आवश्यकता पड़ने पर ऑनलाइन आवेदन, वर्ष 2002 की मतदाता सूची में नाम का सत्यापन तथा अन्य तकनीकी सहायता भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि किसी भी पात्र नागरिक को परेशानी का सामना न करना पड़े। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि एसआईआर संबंधी किसी भी कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### विश्व हिंदू परिषद ने किया पौधारोपण

**रोहतक।** विश्व हिंदू परिषद की ग्रामीण समिति बोहर द्वारा शनिवार को गांव बोहर तथा सेक्टर-2 स्थित कम्युनिटी सेंटर परिसर में पौधारोपण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान परिषद के पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों ने जामुन, शीशम, पीपल, पलाश, बरगद सहित विभिन्न छायादार एवं पर्यावरण संरक्षण में सहायक पौधे लगाए। इस अवसर पर सभी स्वयंसेवकों ने संकल्प लिया कि केवल पौधे लगाना ही उद्देश्य नहीं है, बल्कि उनके पूर्ण विकसित होने तक नियमित रूप से उनकी देखभाल भी की जाएगी। अभियान में विश्व हिंदू परिषद मकरौली प्रखंड के अध्यक्ष रूपेश कुमार, प्रवीण कौशिक, महावीर सैनी, सुभाष नांदल, ज्योति प्रकाश, नरेश कौशिक, अंकित कौशिक, लोकेश बजरंगी, कुलदीप सिंह नांदल, आसाराम, विनय सैनी, जसपाल, दर्शन पूनिया, सतीश एडवोकेट, डॉ. गुलशन लाल तनेजा, डॉ. पवन, डॉ. अजीत सिंह, कन्हैयालाल आदि मौजूद रहे।



### एमडीयू में नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

# पहलवानों ने मैट पर झोंकी ताकत नरेंद्र और नितिन ने जीते स्वर्ण

## देश के कोने-कोने से आए खिलाड़ियों ने फ्री-स्टाइल में दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रोहित डागर

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के खेल परिसर में आयोजित की जा रही अंडर-23 नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता का शनिवार को दूसरा दिन रहा। प्रतियोगिता के दूसरे दिन पूरी तरह से फ्री-स्टाइल कुश्ती के मुकाबलों के नाम रहा, जहां देश के कोने-कोने से आए युवा पहलवानों ने मेडल जीतने के लिए मैट पर अपनी पूरी ताकत झोंक दी। दर्शकों को एक से बढ़कर एक रोमांचक और कड़े मुकाबले देखने को मिले।



**रोहतक।** मैच शुरू करवाते खेल मंत्री गौरव गौतम, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, समाजसेवी राजेश जैन और हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश बोहर। फोटो : हरिभूमि

### नूंह के नरेंद्र ने 74 किग्रा में गाड़ा झंडा



*प्रतियोगिता के 74 किलोग्राम भारवर्ग में नूंह के रहने वाले होनहार पहलवान नरेंद्र ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। नरेंद्र ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा और गुरुओं को दिया। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने दादा फुलेराम से प्रेरित होकर कुश्ती की दुनिया में कदम रखा था और तभी से देश का नाम रोशन करने का संकल्प ले लिया था। साल 2017 में उन्होंने ओलंपियन योगेश्वर दत्त की अकादमी में कोच रामपाल की देखरेख में पेशेवर तौर पर दांव-पेंच सीखने शुरू किए थे। उनकी खेल प्रतिभा की बदौलत साल 2025 में उन्हें भारतीय सेना (आर्मी) में नौकरी भी लग गई थी।*

### गंभीर चोट भी नहीं बन सकी बाधा

*नरेंद्र का अब तक का सफर आसान नहीं रहा है। कुश्ती के दौरान उन्हें कई बार गंभीर चोटों का सामना करना पड़ा। साल 2021 में उनके कंधे में गंभीर चोट लगी, जिससे उबरने में उन्हें करीब एक साल का समय लगा। अभी इस चोट से पूरी तरह उबरे ज्यादा समय नहीं हुआ था कि साल 2023 में वे घुटने की चोट का शिकार हो गए। इस चोट की रिकवरी में भी काफी लंबा वक्त लगा, लेकिन नरेंद्र ने हिम्मत नहीं हारी और मैट पर दमदार वापसी करते हुए सोना चमकाया। 2021 में अंडर-17 नेशनल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। 2021 में एशियन प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। 2022 में वर्ल्ड चैंपियनशिप में पांचवा स्थान हासिल किया। 2024 में जूनियर नेशनल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। 2024 जूनियर एशियन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता।*

### नितिन ने सोना जीत किया चाचा का सपना पूरा

प्रतियोगिता के 70 किलोग्राम भारवर्ग में पानीपत के पहलवान नितिन ने अपने बेहतरीन दांव-पेंच के बूते स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। नितिन ने बताया कि उन्होंने साल 2014 में कुश्ती लड़ना शुरू किया था। उन्हें पहलवानी करने की प्रेरणा अपने चाचा विनोद पहलवान से मिली। चोट के कारण नितिन के चाचा को कुश्ती छोड़नी पड़ी थी, जिसके बाद उनका सपना था कि परिवार से कोई दूसरा खिलाड़ी देश और दुनिया में नाम कमाए। नितिन ने आज स्वर्ण पदक जीतकर अपने चाचा के उसी अधूरे सपने को सच कर दिखाया है।




#### लगातार राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीते

नितिन के करियर में भी चोटें बड़ा रोड़ा बनीं। साल 2019 में उनके घुटने में चोट लगी और इसके ठीक अगले साल यानी 2020 में वे दोबारा चोटिल हो गए। लेकिन मजबूत इरादों के धनी नितिन ने शानदार रिकवरी की और 2020 में ही नेशनल कैडेट प्रतियोगिता में पदक जीतकर अपनी वापसी का एलान किया। इसके बाद से वे लगातार राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत रहे हैं।

## न्यूज डायरी

### प्रदर्शनी में जॉन वेस्ले कॉन्वेंट के विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मकता

**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल में शनिवार को



ग्रीष्मकालीन गृहकार्य प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में बाल वाटिका से लेकर दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य छात्रों में नवाचार, रचनात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना था। इस दौरान विद्यार्थियों ने विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, गणित, कला के साथ-साथ रोबोटिक्स में 'रिमोट चालित मूविंग कार' जैसे बेहतरीन वर्किंग मॉडल्स और प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए। अभिभावकों और आगंतुकों ने बच्चों द्वारा मॉडल्स की दी गई सटीक व्याख्या और उनकी प्रतिभा की जमकर सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. ममता मलिक ने कहा कि ग्रीष्मकालीन अवकाश का कार्य केवल शैक्षणिक अभ्यास नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास का माध्यम है। उन्होंने 'सीखते हुए करने' की भावना पर जोर देते हुए सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे शिक्षाप्रद आयोजन जारी रखने का आश्वासन दिया।

### एलपीएस बोसार्ड व रोटरी क्लब ऑफ रोहतक ने खरावड़ में लगाए 147 पौधे



**रोहतक।** पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए एलपीएस बोसार्ड ने प्रबंध निदेशक राजेश जैन के नेतृत्व में वार्षिक विशाल पौधरोपण अभियान के तहत रोटरी क्लब ऑफ रोहतक के सहयोग से खरावड़ में एग्रोफॉरेस्ट्री प्रोजेक्ट के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान आम, जामुन, नींबू, कीनू, आंवला और शीशम सहित विभिन्न प्रजातियों के 147 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एलपीएस बोसार्ड के प्रबंध निदेशक राजेश जैन ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मानव सेवा का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ रोहतक के अध्यक्ष डॉ. सुनील मुंजाल, सचिव एस.के. सचदेवा, अमित गुप्ता, मनोज बतरा, नवीन, दीपक मलिक (सरपंच प्रतिनिधि, खरावड़) सहित क्लब के अन्य सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### 549 मेधावियों के सम्मान से महका पठानिया स्कूल का वार्षिक समारोह




**रोहतक।** पठानिया पब्लिक स्कूल में शनिवार को भव्य वार्षिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शैक्षणिक सत्र 2025-26 के कुल 549 उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अरुण नरूला ने शिरकत की। इस दौरान बोर्ड परीक्षाओं और वार्षिक सत्र में 95% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को 'पर्ल' व 'प्रोफिशिएंसी' अवार्ड से नवाजा गया। साथ ही खेल, सांस्कृतिक, नेतृत्व और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 'जनरल वर्च्यू अवार्ड' प्रदान किए गए। समारोह में मुख्य आकर्षण के रूप में सजी विज्ञान प्रदर्शनी, रोबोटिक्स डिस्प्ले और आर्ट्स फिएस्टा ने अभिभावकों व अतिथियों का मन मोह लिया। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंध निदेशक अंशुल पठानिया, सह-संस्थापक वर्षा पठानिया और प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



### न्यू विद्या भारती पब्लिक स्कूल में जीवन कौशल के विभिन्न पहलुओं पर डाला प्रकाश

**रोहतक।** धामड़ स्थित न्यू विद्या भारती पब्लिक स्कूल में 'क्षमता निर्माण कार्यक्रम' के अंतर्गत जीवन कौशल कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या सरला हुड्डा और निदेशक वीरेंद्र हुड्डा ने की, जिसमें सभी स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला में वैश्य पब्लिक स्कूल, रोहतक की प्रधानाचार्या सुषमा सुहाग बतौर मुख्य रिसोर्स पर्सन उपस्थित रहीं। उन्होंने जीवन कौशल के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रभावी संचार, आत्म-जागरूकता, सकारात्मक सोच, भावनात्मक संतुलन और समस्या-समाधान जैसे गुण छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों और उदाहरणों के माध्यम से शिक्षकों को इन कौशलों को कक्षा शिक्षण में प्रभावी ढंग से शामिल करने के तरीके भी सिखाए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सुषमा सुहाग को स्मृति-चिह्न भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया गया। सभी शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों ने इस कार्यशाला को अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक और उपयोगी बताया।

### हम दो-हमारा एक की नीति अपनाने पर दिया जोर

## जनसंख्या नियंत्रण पर किया जागरूक




हरिभूमि न्यूज ▸▸। कलानौर

स्थानीय उपमंडल नागरिक अस्पताल कलानौर में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजीव कुमार मलिक की अध्यक्षता में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डॉक्टर संजीव कुमार मलिक ने बताया कि इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस का थीम -जब बच्चे में हो सही अंतराल, परिवार बने स्वस्थ व खुशहाल है। डॉक्टर मलिक ने आगे बताया कि आज हमारे देश में जनसंख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इसका मुख्य कारण जागरूकता का अभाव है। हमारे समाज में अनेक प्रकार की भ्रांतियां फैली हुई है। जिनमें से मुख्य भ्रांति -बेटा ही वंश को आगे बढ़ता है। इसलिए हम बेटे की चाहत में अधिक से अधिक बच्चे पैदा करते रहते हैं। और इसी चाहत के फलस्वरुप भ्रूण हत्या जैसा घिनौना अपराध भी करते हैं। हमें हम दो-हमारा एक की नीति अपनानी चाहिए ताकि जनसंख्या को नियंत्रित रखा जा सके। इस मौके पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ संजीव कुमार मलिक, डॉ तेज सिंह ,डॉ विवेक गेरा ,डॉ विक्रम ,डॉ सुरेंद्र सिंह , डॉ सलोनी आदि मौजूद रहे।

### नव युवा फाउंडेशन ने लगाया नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर



**रोहतक।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर नव युवा फाउंडेशन द्वारा एमटीएफसी स्कूल में निशुल्क नेत्र जाँच शिविर और 'छोटा परिवार, स्वस्थ परिवार' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान गुरुग्राम के मणिपाल अस्पताल की विशेषज्ञ टीम ने आधुनिक उपकरणों से 200 से अधिक विद्यार्थियों के नेत्रों की विस्तृत जाँच की और उन्हें स्क्रीन टाइम सीमित रखने व आँखों की स्वच्छता के टिप्स दिए।

## एचडी स्कूल खेड़ी महम में अभिभावकों ने ली अपने बच्चों की प्रगति रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸। महम

शनिवार को एचडी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल खेड़ी महम में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल प्राचार्या शालिनी गुप्ता ने बताया कि संगोष्ठी में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भाग लेकर अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन, उपस्थिति तथा सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने अभिभावकों को विद्यार्थियों के मासिक बहुविकल्पीय परीक्षा परिणाम, कक्षा प्रदर्शन तथा आगामी शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। शिक्षकों ने विद्यार्थियों की पढ़ाई में सुधार के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए और अभिभावकों से बच्चों के पारिवारिक अध्ययन वातावरण को और बेहतर बनाने का आग्रह भी किया। इस मौके पर स्कूल निदेशक कुलवंत नहरा, स्कूल सचिव संजीव छिल्लर, उपप्राचार्या इंदु नहरा व समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।



**महम।** मीटिंग के दौरान अपने बच्चों की प्रगति रिपोर्ट लेते हुए अभिभावक।

### भराण में लगा नेत्र जांच शिविर



**रोहतक।** विश्व जनसंख्या दिवस पर गांव भराण में एक नेत्र जाँच शिविर अयोजित किया गया। इस शिविर का उद्घघाटन ग्राम सरपंच मोनू सिंह द्वारा किया गया। डॉ उमेद सिंह खत्री सेवानिवृत वरिष्ठ नेत्र अधिकारी हरियाणा सरकार ने 132 लोगों की आँखों की जाँच की। 8 लोगों की आँखों में मोतियाबिंद पाया गया। दवाइयां, चश्मे निशुल्क दिये गये। इस अवसर पर बबली देवी नर्सिंग सिस्टर, राजेश राठी समाजसेवी, परवीन कौशिक मौजूद रहे।



### भारत विकास परिषद ने लगाया निशुल्क नेत्र जांच शिविर, 82 विद्यार्थियों की हुई जांच

**रोहतक।** भारत विकास परिषद की सेक्टर शाखा द्वारा शनिवार को मेघना कॉम्पलेक्स, शीला बाईपास स्थित एजुकेशन प्वाइंट अकादमी में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। पर्यावरण संयोजिका संतोष राघव के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में डॉ. अग्रवाल की विशेषज्ञ चिकित्सक टीम ने 82 विद्यार्थियों की आंखों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। शिविर में अकादमी के निदेशक दिनेश कुमार, पवन भारद्वाज, मुख्य अतिथि महेश पराशर तथा मोहित पराशर विशेष रूप से उपस्थित रहे। परिषद के शाखा अध्यक्ष तरुण गुप्ता ने कहा कि भारत विकास परिषद सेवा, संस्कार और समर्पण के भाव से समाज के प्रत्येक वर्ग तक स्वास्थ्य एवं जनकल्याण की सेवाएं पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। शिविर को सफल बनाने में पवन भारद्वाज, कैलाश मित्तल, डॉ. कृष्ण लाल गिरधर, गुलशन उप्पल, सरोज कुंडू, सुशीला दलाल तथा एम.एल. कोचर का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, चिकित्सक दल, विद्यालय प्रबंधन तथा उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

### गांव आंवल में प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन, मेधावी विद्यार्थी सम्मानित



**रोहतक।** सर्वजन एजुकेशनल एंड वोकेशनल सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में गांव आंवल में एक भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे यूथ मोटिवेटर एवं ट्रेनर संदीप कटारिया ने विद्यार्थियों को सफलता के मूलमंत्र दिए। उन्होंने कहा कि बड़ी सफलता केवल प्रतिभा से नहीं, बल्कि सही योजना, निरंतर मेहनत और अनुशासन से प्राप्त होती है। विद्यार्थियों को नेल्सन मंडेला के संघर्षपूर्ण जीवन का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियां सपनों को नहीं रोक सकतीं। इस अवसर पर सरपंच सुंदर लाल, प्रिंस कुमार, नरेंद्र कटारिया, आशीष तंवर, ईश्वर सिंह काजल और डॉ. आदर्श जांगड़ा सहित भारी संख्या में ग्रामीण, अभिभावक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैं, दया किशन पुत्र श्री जय नारायण निवासी गांव उण, तहसील बौन्द कलां, जिला चरखी दादरी बयान करता हूं कि मेरा पुत्र मोनू व पुत्रवधु प्रमिला मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**मानसरोवर हॉस्पिटल**
**REQUIRES**

- MRI/CT TECHNICIAN 4
- COMPUTER OPERATOR 2
- PRO 2
- NURSING STAFF 4
- WARD BOY 2
- GATE KEEPER 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

### छात्रों की मांग पर बढ़ाई ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि, समय पर पूरी होंगी तमाम प्रक्रियाएं

# सुपवा में पीजी और डिप्लोमा कोर्स में दाखिले का दूसरा मौका, अब 20 जुलाई तक करें आवेदन

3 अगस्त से नया शैक्षणिक सत्र होगा शुरू

एमवीए, एम डिजाइन और एम प्लानिंग में मिलेगा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रोहतक

मिशन एडमिशन

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) में पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सेस के लिए एडमिशन पोर्टल अब 20 जुलाई तक खुला रहेगा। इससे ग्रेजुएशन करने वाले छात्र मास्टर ऑफ विजुअल आर्ट्स, मास्टर ऑफ डिजाइन व मास्टर ऑफ प्लानिंग में दाखिले के लिए अप्लाई कर सकेंगे। छात्रों को यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर जाकर 20 जुलाई तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फॉर्म जमा कराना होगा। डीन अकेडमिक अफेयर्स डॉ अजय कौशिक ने बताया कि पीजी कोर्सेज में प्रवेश के लिए पहले 10 जुलाई तक पोर्टल ओपन रखने का फैसला लिया गया था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 20 जुलाई कर दिया गया है। अंतिम निर्धारित की गई तारीख तक छात्र पंजीकरण शुल्क के साथ ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म जमा करा सकेंगे। 3 अगस्त को नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत होगी। इसलिए दाखिले से जुड़ी तमाम प्रक्रियाएं समय से पूरी कर ली जाएंगी। उन्होंने बताया कि छात्र विजुअल आर्ट्स फैकेल्टी में मास्टर ऑफ विजुअल आर्ट्स में दाखिला ले सकते हैं। इसके तहत फैशन डिजाइन व टेक्सटाइल डिजाइन में पीजी की जा सकती है।

#### एडमिशन हेल्पडेस्क पर छात्रों की अपील रंग लाई

डॉ कौशिक ने बताया कि यूनिवर्सिटी के एडमिशन हेल्पडेस्क पर काफी छात्रों के फोन आ रहे थे। वे बार-बार पीजी कोर्सेज में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि आगे बढ़ाने का अनुरोध कर रहे थे। मामला यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ अमित आर्य के संज्ञान में लाया गया तो उन्होंने एडमिशन लेने के इच्छुक छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पीजी कोर्सेज के दाखिले के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की डेडलाइन को आगे बढ़ाने की मंजूरी दे दी। अब 20 जुलाई तक छात्र यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर अपना रजिस्ट्रेशन कराने के साथ ही डॉक्यूमेंट अपलोड व फीस जमा कराने की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।

#### 12वीं पास युवाओं के लिए करियर बनाने का अवसर

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) ने एक साल के डिप्लोमा व 6 महीने के सर्टिफिकेट कोर्स के लिए अप्लाई करने की अंतिम तिथि को भी बढ़ाकर 20 जुलाई कर दिया है। इनकी कक्षाएं सिर्फ वीकेंड पर लगती हैं, और 12वीं कक्षा उत्तीर्ण कोई भी व्यक्ति इनमें दाखिला ले सकता है। डिप्लोमा कोर्स इंटीरियर डिजाइन, स्क्रीनप्ले राइटिंग, स्क्रिप्ट टू स्क्रीन, एक्टिंग, साउंड डिजाइन, प्रोफेशनल फोटोग्राफी, ड्राइंग व विजुअलाइजेशन, कैड फॉर डिजाइनर्स, कंपोजिशन इन सिनेमा म्यूजिक, कंस्ट्रक्शन मैनेजमेंट में उपलब्ध हैं। जबकि, सर्टिफिकेट कोर्स कैलीग्राफी, कंप्यूटर ग्राफिक्स, साउंड पोस्ट प्रोडक्शन, फिल्म एप्रीसिएशन, आर्किटेक्चरल सॉफ्टवेयर, पैटर्न मैकिंग व एजुकेशनल वीडियो प्रोडक्शन में कराए जा रहे हैं।

### एमडीयू यूआईईटी में बीटेक दाखिले का मौका 24 जुलाई को होगी फिजिकल काउंसलिंग

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूआईईटी) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के बीटेक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए संस्थान स्तर की फिजिकल काउंसलिंग का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। आवेदन प्रक्रिया 9 जुलाई से शुरू हो चुकी है, जबकि पहली फिजिकल काउंसलिंग 24 जुलाई को एमडीयू परिसर में आयोजित होगी। यूआईईटी में बायोटेक्नोलॉजी, सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग शाखाओं में प्रवेश दिए जाएंगे। यूआईईटी के निदेशक डॉ. विनीत सिंगला ने बताया कि वर्तमान दौर में इंजीनियरिंग शिक्षा रोजगार और नवाचार दोनों के लिए सबसे बेहतर विकल्पों में शामिल है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल टेक्नोलॉजी, ऑटोमेशन, रिसर्च और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में लगातार बढ़ती मांग के कारण इंजीनियरिंग स्नातकों के लिए करियर की संभावनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि यूआईईटी में अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन, आधुनिक प्रयोगशालाओं, उद्योगोन्मुख पाठ्यक्रम, इंटर्नशिप, कौशल विकास और बेहतर प्लेसमेंट सुविधाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप तैयार किया जाता है।

# पुलिस बचाएगी अब युवाओं को गैंगस्टरों के चंगुल से

**खबर संक्षेप**

## बेरी रोड स्थित खेत से सोलर मोटर चोरी

**रोहतक।** बेरी रोड स्थित एक खेत से सोलर मोटर चोरी होने का मामला सामने आया है। शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस ने किसान की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 305 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गांव रिटोली निवासी सुरेंद्र पुत्र सोमवीर ने शिकायत में बताया कि 9 जुलाई को उसके बेरी रोड स्थित खेत से अज्ञात चोर सोलर मोटर चोरी कर ले गए। घटना का पता चलने पर उसने आसपास तलाश की, लेकिन मोटर का कोई सुराग नहीं मिला।

## पेशी पर गैरहाजिर रहने वाले आरोपी भगोड़े घोषित

**रोहतक।** अदालत में निर्धारित तारीख पर पेश नहीं होने वाले तीन आरोपियों को न्यायालय ने भगोड़ा घोषित कर दिया है। अदालत के आदेश के बाद शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 209 के तहत मामले दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। पुलिस के अनुसार सूरज उर्फ तोता पुत्र कृष्ण निर्धारित पेशी पर न्यायालय में उपस्थित नहीं हुआ। इस पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमआईसी) कारणदीप की अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया। अदालत के आदेश के बाद शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस ने उसके खिलाफ बीएनएस की धारा 209 के तहत मामला दर्ज किया है।

## 19 ग्राम हेरोइन के साथ युवक काबू, भेजा जेल

**रोहतक।** नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शहर थाना पुलिस ने एक युवक को 19 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस एक्ट) के तहत मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान रवि पुत्र बलजीत निवासी रेनकपुरा के रूप में हुई है। पुलिस ने संदेह के आधार पर उसकी तलाशी ली, जिसके दौरान उसके कब्जे से 19 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। बरामदगी के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### विदेशों में बैठे गैंगस्टरों का नया जाल
## सोशल मीडिया के जरिए मासूमों को बना रहे अपराध का हथियार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कभी स्कूल, खेल के मैदान और करियर के सपने देखने वाली किशोर उम्र अब संगठित अपराधियों की नजर में सबसे आसान निशाना बनती जा रही है। विदेशों में बैठे कुख्यात गैंगस्टर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए कम उम्र के बच्चों और युवाओं तक पहुंच बना रहे हैं। पहले दोस्ती, फिर महंगे शौक, तेज कमाई और 'रुतबे' का सपना दिखाकर उन्हें अपने प्रभाव में लिया जाता है। इसके बाद यही किशोर रंगदारी, हत्या, फायरिंग, नशा तस्करी और अन्य संगीन अपराधों में इस्तेमाल किए जा रहे हैं। हाल के वर्षों में सामने आए कई मामलों में यह तथ्य सामने आया है कि गंभीर वारदातों में शामिल आरोपियों की उम्र 18 से 25 वर्ष के बीच रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह केवल कानून-व्यवस्था का नहीं, बल्कि सामाजिक और मनोवैज्ञानिक चुनौती का विषय भी है। उनका कहना है कि यदि समय रहते परिवार, समाज और सरकार ने मिलकर प्रभावी कदम नहीं उठाए, तो अपराध का यह नेटवर्क और अधिक युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले सकता है।

सिटी पल्स

> रोहतक पुलिस चला रही युवाओं को खेल से जोड़ने के लिए अभियान : एसपी गौरव राजपुरोहित

### नासमझ किशोर आसान शिकार

किशोरावस्था में पहचान बनाने, जल्दी सफलता पाने और दूसरों से प्रभावित होने की प्रवृत्ति अधिक होती है। अपराधी इसी मानसिकता का फायदा उठाते हैं। सोशल मीडिया पर लग्जरी गाड़ियां, हथियार, महंगे कपड़े और कथित 'दबंग' छवि दिखाकर युवाओं को आकर्षित किया जाता है। धीरे-धीरे उन्हें छोटे-छोटे गैरकानूनी काम सौंपे जाते हैं और बाद में वे बड़े अपराधों का हिस्सा बन जाते हैं।

### सरकार और समाज को मिलकर करनी होगी पहल

जानकारों का कहना है कि केवल अपराधियों की गिरफ्तारी से समस्या का समाधान नहीं होगा। स्कूलों और कॉलेजों में साइबर जागरूकता अभियान, अभिभावकों की सतर्कता, सोशल मीडिया की निगरानी तथा युवाओं के लिए सकारात्मक अवसर उपलब्ध कराना भी उतना ही जरूरी है। साथ ही ऐसे गैंगों को विदेश से संचालित करने वाले सरगनाओं के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता है।

### युवा गैंगस्टरों के बहकावे में न आएं



युवा गैंगस्टर के बहकावे में आने से बचें। युवाओं को गुमराह किया जा रहा है। उन्हें सचेत रहना होगा। युवाओं का खेलों की तरफ रुझान करने के लिए पुलिस द्वारा कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। कई गांवों में कार्यक्रम का आयोजन हो चुका है। अभिभावकों को भी अपने बच्चों पर नजर रखनी होगी। हम सभी मिलकर युवाओं को सही दिशा में ले जा सकते हैं।

**- गौरव राजपुरोहित,** एसपी रोहतक

### अभिभावकों और समाज की जागरूकता से युवाओं को अपराध की राह से बचाएं



किशोरावस्था ऐसा दौर है, जब बच्चे अपनी अलग पहचान बनाने की कोशिश करते हैं। यदि उन्हें परिवार का पर्याप्त समय, भावनात्मक सहयोग और सही मार्गदर्शन नहीं मिलता, तो वे सोशल मीडिया पर मिलने वाली झूठी चमक-दमक से प्रभावित हो सकते हैं। गैंगस्टर पहले भरोसा जीतते हैं, फिर धीरे-धीरे उनकी सोच बदलते हैं और अपराध को सामान्य या 'बहादुरी' का काम बताने लगते हैं। अभिभावकों को बच्चों से खुलकर संवाद करना चाहिए, उनके मित्रों और ऑनलाइन गतिविधियों पर सकारात्मक नजर रखनी चाहिए। स्कूलों में नियमित काउंसलिंग, डिजिटल सुरक्षा की शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम चलाए जाएं, ताकि युवा किसी भी तरह के बहकावे में आने से बच सकें। केवल अभिभावक ही नहीं पूरे समाज को मिलकर काम करना होगा।

**-प्रोफेसर अंजली,** मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष, एमडीयू

### जल्द लगाया जाएगा टेंडर, एक करोड़ से होगा पार्किंग व सड़क निर्माण
# आखिर एचएसवीपी ने ली पुराना गवर्नमेंट स्कूल पार्किंग स्थल की सुध

**सीसीटीवी कैमरे, शेड लगेंगे सौंदर्यीकरण का भी किया जाएगा काम**

विजय अहलावत ▶▶| रोहतक

पुराना बस अड्डा के पास स्थित गवर्नमेंट स्कूल परिसर अब जल्द ही नए स्वरूप में नजर आएगा। एक करोड़ रुपये की लागत से यहां आधुनिक पार्किंग, इंटरलॉक सड़क, शेड, सीसीटीवी कैमरे और सौंदर्यीकरण का काम किया जाएगा। इस परियोजना के पूरा होने के बाद न केवल शहरवासियों को व्यवस्थित पार्किंग की सुविधा मिलेगी, बल्कि आसपास के बाजारों में लगने वाले जाम से भी काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है। कई साल से इस जगह की सुध लेने की मांग उठाई जा रही थी। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) ने पुराना गवर्नमेंट स्कूल परिसर के कायाकल्प की योजना को मंजूरी दे दी है। विभाग की ओर से परियोजना का खाका तैयार कर लिया गया है और जल्द ही निर्माण कार्य के लिए टेंडर जारी किया जाएगा। योजना के तहत पूरे परिसर का सौंदर्यीकरण किया जाएगा ताकि यह स्थान शहर की जरूरतों के अनुरूप एक आधुनिक पार्किंग स्थल के रूप में विकसित हो सके।

हरिभूमि इंपेक्ट


हरिभूमि
कब्जे की गिरफ्त में पुराने गवर्नमेंट स्कूल परिसर की पार्किंग
निगम की जमीन पर बजरी की दुकान
17,000 वर्ग गज जगह पर भवन निर्माण सामग्री पड़ी
नहीं ली जा रही सुध, लगाए जाने थे शेड, हटना था कब्जा
एक साथ खड़े हो सकते हैं हजारों वाहन
यहां बननी है स्थायी पार्किंग
प्रस्ताव भेजा गया
मल्टी स्टोरी पार्किंग बनाई जाए
प्रभावी कार्रवाई की उम्मीद



### लोगों को मिलेगी राहत

यह परियोजना से सब्जी मंडी, इंदिरा मार्केट और अन्य व्यावसायिक क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी। उल्लेखनीय है कि इस मुद्दे को हरिभूमि ने प्रमुखता से उठाया था। लगातार प्रकाशित खबरों के माध्यम से पार्किंग व्यवस्था और परिसर के विकास की आवश्यकता को प्रशासन के सामने रखा गया। साथ ही पार्षद की तरफ से एचएसवीपी को पत्राचार किया गया। इसके बाद एचएसवीपी ने योजना तैयार कर उसे मंजूरी प्रदान की।

### इंटरलॉक सड़क से सुधरेगी व्यवस्था

परियोजना के तहत सब्जी मंडी से इंदिरा मार्केट तथा राधे-राधे पार्क से हिसार रोड तक इंटरलॉक टाइलों से सड़क का निर्माण किया जाएगा। इससे इस क्षेत्र में वाहनों की आवाजाही अधिक सुगम होगी और बरसात के दिनों में जलभराव तथा कीचड़ जैसी समस्याओं से भी छुटकारा मिलेगा। पार्किंग को अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए चार पहिया और दोपहिया वाहनों के लिए अलग-अलग स्थान निर्धारित किए जाएंगे। यहां करीब 300 चार पहिया और 200 दोपहिया वाहन एक साथ खड़े किए जा सकेंगे। वाहनों को धूप और बारिश से बचाने के लिए पार्किंग स्थल पर मजबूत शेड भी लगाए जाएंगे, जिससे वाहन मालिकों को बेहतर सुविधा मिलेगी।

### लगाए जाएंगे सीसीटीवी

सुरक्षा के लिहाज से पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इससे पार्किंग में खड़े वाहनों की निगरानी आसान होगी और चोरी या अन्य अप्रिय घटनाओं पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। आधुनिक निगरानी व्यवस्था से वाहन चालकों का भरोसा भी बढ़ेगा।

### ठेकेदार की पांच साल की मरम्मत की जिम्मेदारी

एचएसवीपी ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए ठेकेदार पर विशेष जिम्मेदारी भी तय की है। निर्माण पूरा होने के बाद अगले पांच वर्षों तक पार्किंग, सड़क और अन्य संरचनाओं की मरम्मत एवं रखरखाव की जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार की होगी। इससे लंबे समय तक परियोजना की गुणवत्ता बनाए रखने में मदद मिलेगी और छोटी-मोटी खराबियों का समय पर समाधान हो सकेगा।

### पुराने स्कूल परिसर में पार्किंग, शेड और सड़क निर्माण को मंजूरी मिली



पुराना गर्वमेंट स्कूल परिसर में पार्किंग बनाने, शेड लगाने, सड़क निर्माण के लिए लगातार आवाज उठा रहे थे। एचएसवीपी और प्रशासन को पत्र भेजे गए। अब एचएसवीपी ने इस जगह सौंदर्यीकरण सड़क निर्माण करने की योजना को मंजूरी दे दी है।यहां वाहनों की पार्किंग के लिए शेड लगाए जाएंगे। साथ ही सीसीटीवी कैमरे लगाने की व्यवस्था भी की जाएगी।

**-नीरा भटनागर,** वार्ड पार्षद

### पाड़ा मोहल्ला हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता
## सावन हत्याकांड के दो और आरोपी गिरफ्तार

- चाकू से गोदकर की गई थी हत्या, अब तक नाबालिग समेत 10 आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक के चर्चित पाड़ा मोहल्ला हत्याकांड में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। करीब छह माह पहले युवक सावन की चाकू से गोदकर हत्या किए जाने के मामले में अब तक एक नाबालिग सहित कुल 10 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है, जबकि मामले की गहनता से जांच जारी है। बता दे कि 24 जनवरी को सूचना मिली थी कि पाड़ा मोहल्ला में दो पक्षों के बीच झगड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घटनास्थल पर पता चला कि एक युवक पर चाकुओं से हमला किया गया है, जिसे गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान सावन पुत्र सुभाष निवासी पाड़ा मोहल्ला के रूप में हुई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि घटना वाले दिन सुभाष अपने परिजनों के साथ गली में खड़ा था, जबकि उसका बेटा सावन घर के बाहर बैठा हुआ था। इसी दौरान आशु का भांजा वहां पहुंचा और सावन के साथ गाली-गलौज करने लगा। परिजनों ने उसे समझाकर वापस भेज दिया, लेकिन कुछ देर बाद आशु, शिवम, रविंद्र, सुरेंद्र, बिजेंद्र तथा अन्य युवक छुरी और चाकू लेकर मौके पर पहुंच गए।

### गर्भपात कराया और मारने की दी धमकी
## शादी का झांसा देकर तलाकशुदा महिला से दुष्कर्म करने का आरोप, केस दर्ज

**रोहतक।** पुरानी सब्जी मंडी थाना क्षेत्र में एक तलाकशुदा महिला ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने, जबरन गर्भपात कराने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार फतेहपुरी कॉलोनी निवासी महिला ने शिकायत में बताया कि उसका विवाह वर्ष 2021 में रजनीश नामक युवक से हुआ था। उसकी पांच वर्षीय बेटी नायरा है। पति के किसी अन्य महिला से संबंध होने और अदालत में तलाक का मामला चलने के बाद वह अपने मायके आकर रहने लगी। महिला का आरोप है कि इसी दौरान उसकी पहचान भोलू पुत्र जीत सिंह, निवासी गांव चिड़ी (हाल किरायेदार, आजादगढ़) से हुई। आरोपी ने रोहतक के एक होटल में कमरा लेकर शादी का भरोसा दिलाया और इसी बहाने उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। शिकायत के अनुसार जब महिला ने शादी करने का दबाव बनाया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। महिला ने आरोप लगाया कि वर्ष 2026 में वह गर्भवती हो गई, जिसके बाद आरोपी ने उसकी आपत्तिजनक फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर जबरन गर्भपात करा दिया।

## दो अवैध देशी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस सहित दो युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग स्थानों से दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो अवैध देशी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग थानों में मामले दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पहली कार्रवाई स्पेशल डिटेक्टिव स्टाफ ने थाना शिवाजी कॉलोनी क्षेत्र में की। थाना प्रभारी के अनुसार पीएसआई कृष्ण के नेतृत्व में पुलिस टीम रुपया चौक क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मिली गुप्त सूचना के आधार पर मायना नहर के पास एक संदिग्ध युवक को रोककर उसकी तलाशी ली गई। पूछताछ में उसकी पहचान मोहित पुत्र साधुराम निवासी गरनावठी के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना शिवाजी कॉलोनी में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## रोहतक से धर्मशाला और कैंचीधाम के लिए जल्द मिलेगी सीधी बस सेवा

**धार्मिक स्थलों की यात्रा करने वाले लोगों के लिए अच्छी खबर**

**रोहतक।** हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों की यात्रा करने वाले लोगों के लिए अच्छी खबर है। जल्द ही रोहतक बस स्टैंड से धर्मशाला और कैंचीधाम के लिए सीधी बस सेवा शुरू होने जा रही है। हरियाणा रोडवेज रोहतक डिपो को इस रूट का परमिट मिलने वाला है। इसके बाद यात्रियों को दूसरे शहरों में बस बदलने की परेशानी से छुटकारा मिलेगा और वे सीधे अपने गंतव्य तक सफर कर सकेंगे। डिपो के अनुसार लंबे समय से यात्री धर्मशाला और कैंचीधाम के लिए सीधी बस सेवा शुरू करने की मांग कर रहे थे। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक बस स्टैंड पर इन स्थानों के लिए बस की जानकारी लेने पहुंचते थे, लेकिन रूट परमिट नहीं होने के कारण उन्हें निराश होकर चंडीगढ़, अंबाला या अन्य शहरों के रास्ते यात्रा करनी पड़ती थी।

### यात्रियों को मिलेगी राहत

रोडवेज की यह पहल रोहतक और आसपास के जिलों के यात्रियों के लिए बड़ी सुविधा साबित होगी। परमिट मिलने के बाद बस के संचालन की तिथि और समय-सारिणी की औपचारिक घोषणा की जाएगी। इसके शुरू होते ही रोहतक से हिमाचल प्रदेश के प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थलों तक सीधी और सुविधाजनक यात्रा का नया विकल्प उपलब्ध हो जाएगा।

**-नवीन कुमार,** महाप्रबंधक, रोडवेज डिपो

## सांपला में गली-सड़ी हालत में मिला व्यक्ति का शव

**सांपला।** सांपला ब्लॉक के गांव हसनगढ़ में शनिवार सुबह एक मकान से 38 वर्षीय कृष्ण का गली-सड़ी अवस्था में शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई रोहतक भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई दिनों से कृष्ण के मकान का दरवाजा अंदर से बंद था। शनिवार सुबह मकान से तेज दुर्गंध आने पर लोगों ने आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा खोलकर देखा तो कृष्ण का शव चारपाई पर पड़ा था, जो काफी गली-सड़ी अवस्था में था। मौके पर एफएसएल टीम ने भी पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने आशंका जताई कि कृष्ण की कई दिन पहले ही मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों के अनुसार, कृष्ण का पत्नी से अक्सर विवाद रहता था। इसी कारण उसकी पत्नी बच्चों को लेकर मायके में रह रही थी। उसकी बुजुर्ग मां भी घर पर नहीं रहती थी, जिससे वह अकेला रह रहा था। थाना प्रभारी महेंद्र सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई भेज दिया गया है। रविवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## तीन दिन से लापता महिला की हत्या का खुलासा आरोपी गिरफ्तार, झाड़ियों से बरामद हुआ शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

सांपला क्षेत्र में तीन दिन से लापता महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, संदेह के आधार पर हिरासत में लिए गए आरोपी ने पूछताछ के दौरान महिला की हत्या करने और शव को दूल्हेड़ा माइनर के पास झाड़ियों में छिपाने की बात स्वीकार की। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव बरामद कर लिया। फिलहाल हत्या के कारणों और इस वारदात में किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता की जांच जारी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सांपला निवासी एक विवाहिता पिछले दो-तीन दिनों से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता थीं। महिला के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर थाना सांपला में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू की और आसपास के लोगों से पूछताछ के साथ विभिन्न पहलुओं पर जानकारी जुटाई। जांच के दौरान पुलिस का संदेह कपिल पर गया। इसके बाद उसे हिरासत में लेकर गहन पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने कथित तौर पर महिला की हत्या करने की बात स्वीकार कर ली है।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा राज

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने हत्या की बात स्वीकार की है, लेकिन हत्या के पीछे का वास्तविक कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। जांच अधिकारी सभी पहलुओं की बारीकी से जांच कर रहे हैं। यह भी पता लगाया जा रहा है कि वारदात में आरोपी अकेला शामिल था या किसी अन्य व्यक्ति ने भी उसका साथ दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फोरेंसिक जांच और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### 2580 सीटों पर 10300 एप्लिकेशन, बीसीए में 14 व बीबीए में 15 गुना से अधिक
# नेकीराम कॉलेज में एडमिशन लेने के लिए लगी युवाओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्नातक (यूजी) कक्षाओं में दाखिले के लिए आवेदन का अंतिम दिन रविवार को है। जिले के विभिन्न कॉलेजों में प्रवेश के इच्छुक छात्र उच्च शिक्षा विभाग के पोर्टल के माध्यम से आवेदन 12 जुलाई तक कर सकते हैं। पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुरेंद्र सांगवान ने बताया कि कॉलेज में 16 कोर्स में 2580 सीटों पर 10300 आवेदन आए हैं। नेकीराम कॉलेज में बीसीए में 14 गुणा और बीबीए में सीटों के 15 गुणा से ज्यादा आवेदन आए है। बीबीए 60 सीटों पर 950 आवेदन आए है और बीसीए में 120 सीटों पर 1680 आवेदन आए है। आवेदन फॉर्म भरने के बाद यदि किसी छात्र के दस्तावेज या जानकारी में कोई आपत्ति या विसंगति पाई जाती है, तो ऐसी सूची 14 जुलाई को पोर्टल पर प्रदर्शित की जाएगी। कॉलेजों द्वारा ऑनलाइन डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और छात्रों के लॉगिन के माध्यम से इन आपत्तियों को दूर करने का कार्य 18 जुलाई तक किया जाएगा। इसके बाद, दाखिले के लिए योग्य सभी आवेदकों की अंतिम मेरिट सूची 20 जुलाई को जारी कर दी जाएगी। पहले चरण के तहत 21 जुलाई को प्रोविजनल और 22 जुलाई को पहली फाइनल मेरिट लिस्ट जारी होगी। इस सूची में शामिल विद्यार्थियों को 23 जुलाई से 27 जुलाई के बीच अपनी फीस ऑनलाइन जमा करानी होगी। इसके तुरंत बाद दूसरा चरण शुरू होगा, जिसमें 28 जुलाई को प्रोविजनल और 29 जुलाई 2026 को दूसरी फाइनल मेरिट लिस्ट लगाई जाएगी। दूसरी लिस्ट के छात्रों के लिए फीस जमा करने की अवधि 30 जुलाई से 3 अगस्त 2026 निर्धारित की गई है। खाली सीटों के लिए फिजिकल काउंसलिंग 4 अगस्त को होगी। इसके बाद नए आवेदकों और फॉर्म में सुधार के लिए एडमिशन पोर्टल को एक बार फिर 5 अगस्त को खोला जाएगा। जो छात्र इस दौरान दाखिला लेना चाहते हैं, वे 6 अगस्त से 12 अगस्त तक 100 रुपये लेट फीस के साथ फिजिकल काउंसलिंग में भाग ले सकेंगे। इसके बाद भी सीट खाली रहने पर 13 अगस्त से 19 अगस्त 2026 तक 100 रुपये लेट फीस और साथ में 100 रुपये प्रतिदिन के जुर्माने के साथ फिजिकल काउंसलिंग के तहत दाखिले किए जाएंगे।


प्राचार्य प्रो. सुरेंद्र सांगवान

### जानें किस कोर्स में कितनी सीटें

| कोर्स नाम | कुल सीट | कुल आवेदन |
| --- | --- | --- |
| बैचलर ऑफ आर् | 720 | 4500 |
| बैचलर ऑफ आर्ट विद मेजर इन इकोनॉमिक्स | 60 | 180 |
| बैचलर ऑफ आर्ट विद मेजर इन अंग्रेजी | 80 | 410 |
| बैचलर ऑफ आर्ट विद मेजर इन ज्योग्राफी | 80 | 360 |
| बैचलर ऑफ आर्ट विद मेजर इन हिंदी | 80 | 210 |
| बैचलर ऑफ आर्ट विद मेजर इन साइकोलॉजी | 40 | 360 |
| बैचलर ऑफ आर्ट विद मेजर इन इतिहास | 80 | 290 |
| बैचलर ऑफ आर्ट विद मेजर इन राजनीति विज्ञान | 80 | 470 |
| बीबीए | 60 | 950 |
| बीकॉम | 320 | 1080 |
| बीसीए | 120 | 1680 |
| बैचलर ऑफ साइंस इन लाइफ साइंस | 240 | 1185 |
| बैचलर ऑफ साइंस इन फिजिक्ल साइंस | 400 | 730 |
| बैचलर ऑफ साइंस विद मेजर इन गणित | 60 | 420 |
| बैचलर ऑफ साइंस विद मेजर इन भौतिकी | 80 | 280 |
| बैचलर ऑफ साइंस विद मेजर इन रसायन विज्ञान | 80 | 350 |